वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

(क्षेत्रीय सेवा प्रभाग)

क्रमांक : एफ./वमखुवि/क्षे.से.प्र./2026/2120 दिनांकः— 09.04.2026

"आन्तरिक गृहकार्य (Internal Home Assignment) के परिपेक्ष्य में विद्यार्थियों हेतु सूचना"

वर्धमान खुला विश्वविद्यालय,कोटा के विभिन्न क्षेत्रीय केन्द्रों के अधीन विभिन्न कार्यकमों में प्रवेशित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि यदि उनके प्रवेशित कार्यकम में आन्तरिक गृहकार्य (Internal Home Assignment) उनके पाठ्यकम का एक हिस्सा है तो वह सुनिश्चित करें कि **आन्तरिक गृहकार्य उनके स्वंय द्वारा ही हस्तलिखित हो।** किसी भी स्थिति में किसी बाह्य व्यक्ति/एजेन्सी द्वारा हस्तलिखित आन्तरिक गृहकार्य मान्य नहीं होगें।

यदि किसी विद्यार्थी द्वारा उक्त व्यवस्था के विपरीत किसी अन्य द्वारा हस्तलिखित आन्तरिक गृह कार्यो को जमा करवाया जाना सामने आता है तो विद्यार्थी के विरूद्ध कार्यवाही की जा सकती है।

उक्त सूचना कुलगुरू महोदय के अनुमोदन उपरान्त जारी की जाती है।

9/4/26

निदेशक

क्षेत्रीय सेवा प्रभाग

प्रतिलिपिः—

1. सचिव, कुलगुरू सचिवालय, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।
2. कुलसचिव, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।
3. निदेशक, संकाय योजना एवं विकास, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।
4. परीक्षा नियंत्रक, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।
5. समस्त क्षेत्रीय केन्द्रों को भेजकर लेख है कि:—
   1. उक्त सूचना को क्षेत्रीय केन्द्र के नोटिस बोर्ड/फेसबुक/ सोशल मिडिया पर समय समय पर लगाने का श्रम करें।
   2. यह सुनिश्चित करें कि आपके क्षेत्रीय केन्द्र अथवा आपके अधीन कार्यरत अध्ययन केन्द्रों पर किसी व्यक्ति/बाह्य एजेन्सी द्वारा विद्यार्थीयों के आन्तरिक गृहकार्य By Hand अथवा डाक द्वारा Bulk में जमा नहीं करवाए जावें।
   3. यदि किसी व्यक्ति/संस्था /एजेन्सी द्वारा विद्यार्थियों को हस्तलिखित आन्तरिक गृह कार्य जमा करवाने की सुविधा/सूचना का प्रचार—प्रसार किया जाता है तो उक्त प्रकार के व्यक्ति/संस्था/एजेन्सी के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करने सम्बन्धित अनुशंषा कुलसचिव कार्यालय को उचित माध्यम द्वारा प्रेषित करें।
6. इंचार्ज ई0एम0पी0सी0 को भेजकर लेख है कि :—
   1. उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर वेबसाइट के होमपेज पर उक्त के सम्बन्ध में अलग से Scroll चलाएं।
   2. विश्वविद्यालय के जुलाई 2024 से जनवरी 2026 के समस्त संबंधित विद्यार्थियों को उक्त नोटिस का लिंक एसएमएस के माध्यम से भिजवाएं।

उप कुलसचिव

क्षेत्रीय सेवा प्रभाग